आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

09.06.2024 समय : 1850

- भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी अब से कुछ देर बाद, लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। मंत्रिपरिषद् का भी शपथ ग्रहण आज होगा।
- शिक्षा मंत्रालय ने नीट के पन्द्रह सौ से अधिक उम्मीदवारों को कृपांक दिए जाने की समीक्षा के लिए एक समिति का गठन किया है।
- पोर्ट ब्लेयर नगरपालिका परिषद के सचिव अमित काले ने हैडों वार्ड नम्बर–एक के विभिन्न क्षेत्रो का निरीक्षण किया।
- द्वीपसमूह में ईद–उल–अज़हा सत्रह जून को मनाई जाएगी।
- द्वीपसमूह के सी. आई. डी. इकाई के चार पुलिस थानों ने प्रतिष्ठित आई. एस. ओ. प्रमाणन प्राप्त किया है।

<><><><><><><>

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी अब से कुछ देर बाद लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ग्रहण करेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति भवन में नई मंत्रीपरिषद् को भी आज पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगी। शपथ ग्रहण समारोह शाम सवा सात बजे से होगा। राष्ट्रपति ने श्री मोदी को सरकार गठन के लिए आमंत्रित किया था। शुक्रवार को, श्री मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर सरकार गठन का दावा पेश किया था। भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के नेतृत्व में, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन – एन.डी.ए. के शिष्टमंडल ने राष्ट्रपति से मुलाकात कर श्री मोदी को भाजपा संसदीय दल का नेता चुने जाने संबंधी पत्र सौंपा था। एन.डी.ए. के घटक दलों के समर्थन–पत्र भी राष्ट्रपति को सौंपे गए थे।

<><><><><><><>

शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय मेडिकल स्नातक प्रवेश परीक्षा–नीट के पन्द्रह सौ से अधिक उम्मीदवारों को कृपांक दिए जाने की समीक्षा के लिए एक समिति का गठन किया है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह ने बताया कि समिति की अध्यक्षता संघ लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष करेंगें। यह समिति एक सप्ताह के भीतर सिफारिश देगी और अभ्यार्थियों के परिणाम की समीक्षा भी की जा सकती है। मेडिकल और डेंटल प्रवेश परीक्षा के परिणाम चार जून को घोषित किए गए थे। कई उम्मीदवारों ने अनेक मुद्दों को उठाते हुए दोबारा परीक्षा कराने की मांग की थी। कई आवेदकों ने अदालत में भी मामला दर्ज कराया है। नीट के लिए चौबीस लाख से अधिक विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया था और सत्तानबें प्रतिशत उम्मीदवार परीक्षा में बैठे थे।

<><><><><><><>

उद्योग निदेशालय ने उद्यमियों को बुनियादी सुविधाओं के लिए आद्योगिक भूमि उपलब्ध कराने के लिए द्वीपसमूह के विभिन्न भागों में इंडस्ट्रियल एस्टेट की स्थापना की है। निदेशालय द्वारा अब तक डॉलीगंज, गाराचरामा, मीठाखाड़ी, हटबे, लिटिल अण्डमान, बकुलतला और कैम्पबेल–बे में छह इंडस्ट्रियल एस्टेट की स्थापना की जा चुकी है। इन औद्योगिक सम्पदाओं में भूखण्डों के आवंटन में पारदर्शिता और इनके कुशल प्रबंधन करने के लिए प्रशासन ने "अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह औद्योगिक सम्पदा–आवंटन और प्रबंधन नीति" लागू करने का प्रस्ताव दिया हैं। इसके अंतर्गत एक मसौदा नीति तैयार की गई है, जो प्रशासन के राज्य पोर्टल पर उपलब्ध है। उद्योग निदेशालय ने आम जनता, हितधारकों और उद्यमियों से आठ जुलाई तक इस मसौदा नीति पर टिप्पणिां और सूझाव निदेशालय की वेबसाइट पर ई–मेल के ज़रिए भेजने को कहा है।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर नगरपालिका परिषद के सचिव अमित काले ने वार्ड नम्बर–एक के पार्षद और परिषद के विभिन्न अधिकारियों के साथ हैडों वार्ड नम्बर–एक के विभिन्न क्षेत्रो का निरीक्षण किया। उन्होंने लिलीपुर क्षेत्र और आसपास के प्रमुख नालों की नियमित सफाई के लिए संबंधित अधिकारियों को विशेष टीम के गठन का निर्देश दिया। हैडो जेट्टी के गेट नम्बर–तीन के पास नियमित जल भराव के मुद्दे पर उन्होंने परिषद के संबंधित अभियन्ताओं और अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर समाधान खोजने को कहा। उन्होंने हैडों के वेलकम पार्क में सौन्दर्यकरण और फॉरेस्ट बैरक के आसपास के क्षेत्रों में उचित सफाई किए जाने पर बल दिया। उन्होंने परिषद के सफाई अधिकारियों को नालों में जल जमाव को रोकने के लिए नियमित रूप से सफाई करने के भी निर्देश दिए।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में चांद दिखने के कारण ईद–उल–अज़हा सत्रह जून को मनाई जाएगी। अण्डमान निकोबार हिलाल कमेटी ने विज्ञाप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के सी.आई.डी. इकाई के चार पुलिस थानों ने प्रतिष्ठित आई. एस. ओ. प्रमाणन प्राप्त किया है। अपराध और आर्थिक अपराध थाना, मानव तस्करीरोधी इकाई थाना, साइबर अपराध थाना और एन्टी नारकोटिक्स थाना को यू.ए.ई. द्वारा जारी प्रतिष्ठित आई.एस.ओ. प्रमाणन प्राप्त हुआ है। इन थानों ने व्यावसायिका में सुधार और नागरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के अपने लगातार प्रयासों के कारण यह प्रमाणन अर्जित किया है। प्रमाणन प्रकिया का निरीक्षण विभिन्न पुलिस स्टेशनों के थानाध्यक्षों द्वारा किया गया। आई. एस. ओ. प्रमाणन मानक गुणवत्ता प्रबंधन प्रणालियों को बनाए रखने के लिए, सी.आई.डी. इकाई की प्रमाणीकरण और उत्कृष्ठता को दर्शाता है। यह उपलब्धि गुणवत्तापूर्ण पुलिस सेवाएं प्रदान करने और समुदायिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम हैं।

<><><><><><><>

रंगत पुलिस थाने ने पशु तस्करी के मामले में पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। हाल ही में रंगत थाने में दो गायों की चोरी की शिकायत दर्ज की गई थीं। इस पर कार्रवाई करते हुए रंगत थाना प्रभारी माधव हलदर के नेतृत्व में एक पुलिस दल का गठन कर आसपास के क्षेत्रों की तलाशी की गई। पुलिस मरीन फोर्स यूनिट की सहायता से आधी रात में मवेशियों को ले जा रही एक नाव को रोका गया। पूछताछ करने पर आरोपी वैद्य दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाए। मवेशियों को सुरक्षित बरामद कर आरोपियों पर पशुओं के खिलाफ क्रूरता का मामला दर्ज किया गया। यह पूरा अभियान मध्योत्तर अण्डमान पुलिस अधीक्षक गीतांजलि खण्डेलवाल की देख–रेख में हुआ।

<><><><><><><>

कार–निकोबार के बिशप जॉन रिचर्डसन स्टेडियम में खेले गए डॉ. बी. श्रीकान्त मेमोरियल टी–ट्वेंटी क्रिकेट टुर्नामेंट का फाइनल पुलिस टीम ने जीत लिया है। फाइनल मैच में पुलिस–ए टीम ने स्मॉल लपाती स्पोर्टिंग क्लब को पराजित किया। स्मॉल लपाती स्पोर्टिंग क्लब ने बीस ओवरों में सात विकेट गंवा कर एक सौ सत्ताईस रन का लक्ष्य रखा, जिसे पुलिस–ए टीम ने तेरह ओवरों में तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया। विजेता टीम को पचास हजार रूपए और उप–विजेता टीम को तीस हज़ार रूपए पुरस्कार स्वरूप दिए गए। समापन समारोह में निकोबार जिला उपायुक्त ज्योति कमारी मुख्य अतिथि थीं। उन्होंने टुर्नामेंट के मैन ऑफ–द–सीरीज़, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज और ऊभरते हुए खिलाड़ी को पुरस्कृत किया। इस टुर्नामेंट में विभिन्न गांवों, विभागों और संगठनों की सत्ताईस टीमों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कुछ भागों में वर्षा हुई। आज सुबह साढ़े आठ बजे तक मायाबंदर में बयालिस दशमलव सात मिलीमीटर, लौंग आइलैण्ड में तेईस दशमलव दो और पोर्ट ब्लेयर में आठ दशमलव तीन मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि ग्यारह और बारह जून को अण्डमान द्वीप के एकाध भागों में भारी वर्षा हो सकती है। खराब मौसम को देखते हुए मछुआरों को बारह जून तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>